Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 03-03-2006

Participants : Yadav Dr. Karan Singh

an>

Title : Reported incidents of fire caused due to leakage of substandard gas and petromax cylinders at Vijaypura village in Alwar, Rajasthan.

डा. करण सिंह यादव (अलवर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सदन का ध्यान इस ओर आकृट करना चाहता हूं कि बाजार में बहुत पुअर क्वालिटी के और सबस्टैंडर्ड डुप्लीकेट गैस सिलेंडर और पेट्रोमैक्स सिलेंडर का सर्क्युलेशन हो रहा है और इनकी वजह से आए दिन दुर्घटनाएं घटती रहती हैं। मेरे स्वयं के लोकसभा क्षेत्र अलवर के ि वजयपुरा गांव में कल एक गैस सिलेंडर से आग लगने से करीब डेढ़ दर्जन औरतें और बच्चे घायल हुए, जिन्हें स वाई मानसिंह अस्पताल जयपुर में भर्ती कराया गया है। मैं सदन का ध्यान इन सिलेंडर्स की तरफ दिलाना चाहता हूं कि उनकी गुणवत्ता को बनाए रखें और जो घायल भर्ती हुए हैं, उनके लिए राज्य सरकार को निर्देश करें कि उनका मुफ्त में इलाज करें और उनको उचित मुआवजा दें।

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : हमारे संसदीय क्षेत्र, बिहार में भी गैस सिलेंडर फट गया और वहां तीन आदमी मारे गए और 25 आदमी घायल हो गए।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप पहले नोटिस दें।

(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : यादव जी आपको नोटिस देना चाहिए।

.......(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आठवले जी, आप बैठ जाइए। लालू जी की स्पीच के लास्ट में आपको टाइम देंगे।